हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 8 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 32.6°c
न्यूनतम 29.8°c

**नगर में आज**
- नगर निगम आयुक्त की निगम कार्यालय में मीटिंग सुबह 11 बजे।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे।
- बिजली निगम में कर्मचारी यूनियन की मीटिंग सुबह 11 बजे।

**खबर संक्षेप**

### ट्रैकिंग लिंक के नाम पर 3.62 लाख की ठगी
**रोहतक।** कुलताना निवासी आनंद कुमार के साथ गूगल पर स्पीड पोस्ट ट्रैकिंग लिंक खोजने के दौरान 3,62,000 की ठगी हो गई। आनंद कुमार ने बताया कि आर्म्स लाइसेंस नवीनीकरण के बाद स्पीड पोस्ट की स्थिति जानने के लिए उन्होंने गूगल पर ट्रैकिंग सर्च की और वहां दिखे एक फोन नंबर पर बात की। कॉल उठाने वाले ने खुद को स्पीड पोस्ट से जुड़ा बता 5 रुपये ऑनलाइन जमा करने को कहा और खातों से 3 ट्रांजक्शन में रकम निकाल ली।

### महिला, युवती और मां-बेटी गायब
**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने कमला नगर के अरुण कुमार झा की शिकायत पर उसकी 78 वर्षीय माता राजकुमारी देवी के लापता होने की शिकायत दर्ज की है। जो 5 जुलाई को बिना बताए घर से चली गई। जबकि शहर पुलिस ने शिव कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 20 वर्षीय बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की है, जो 4 जुलाई को दोपहर 3:00 बजे बिना बताए घर से चली गई। महम थाना पुलिस ने घरौठी निवासी जोगेंद्र की शिकायत पर उसकी 44 वर्षीय पत्नी और 15 वर्षीय बेटी के गायब होने की शिकायत दर्ज की है जो 5 जुलाई को घर से चले गए।

### एमडीयू ने बीएड व बीए परीक्षा की तिथियां बदलीं
**रोहतक।** एमडीयू ने डेटशीट में टकराव के कारण बीएड एवं बीए (एडिशनल) पाठ्यक्रमों की कुछ परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन किया है। अधिसूचना के अनुसार बीएड प्रथम वर्ष का चाइल्डहुड एंड ग्रोइंग अप का पेपर अब 28 जुलाई 2026 को होगा। बीए प्रथम वर्ष अतिरिक्त पाठ्यक्रम के गणित-II की परीक्षा 7 अगस्त, राजनीति विज्ञान की 8 अगस्त तथा संस्कृत, गणित-III, इतिहास, अर्थशास्त्र और लोक प्रशासन की परीक्षाएं 10 अगस्त को होंगी। वहीं बीए द्वितीय वर्ष अतिरिक्त पाठ्यक्रम के राजनीति विज्ञान, संस्कृत और गणित-III की परीक्षाएं 11 अगस्त 2026 को होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा का समय और केंद्र पुराने रहेंगे।

### दो गाड़ियों के शीशे तोड़ नकदी व लैपटॉप चोरी
**रोहतक।** जींद सेक्टर-11 निवासी शमशेर ने शिकायत में बताया कि 6 जुलाई को उसने सोनीपत रोड स्थित वी केयर हॉस्पिटल के बाहर अपनी कार खड़ी की थी। एक घंटे बाद लौटने पर कार की पिछली खिड़की का शीशा टूटा मिला और पर्स से 10 हजार रुपये चोरी हो चुके थे। वहीं, रोहिणी दिल्ली के साहिल गर्ग ने बताया कि डी पार्क पर जैन संस गाड़ियों के शोरूम के पास खड़ी की थी। शाम को 4 युवक दो मिनट में उनकी कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप ले गए। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।


## रोड रेज: गुढाण गांव में वारदात, सीसीटीवी कैमरे में कैद
# पिलर तोड़कर भाग रहे डंपर चालक ने दुकानदार को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर

कलानौर थाना क्षेत्र के गांव गुढाण में मंगलवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव के अड्डे पर अपनी परचून की दुकान चला रहे 53 वर्षीय दुकानदार ने जब एक डंपर चालक को लापरवाही से वाहन चलाने पर रोकने का प्रयास किया, तो चालक ने रुकने के बजाय तेज रफ्तार में ट्रक दौड़ा दिया और दुकानदार को कुचलता हुआ डंपर लेकर फरार हो गया।

हालांकि पुलिस ने बाद में घटना में प्रयुक्त डंपर को बरामद कर लिया है और चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि आरोपी को काबू कर लिया गया है। मृतक की पहचान गुढाण निवासी 53 वर्षीय नरेश उर्फ नान्हे पुत्र दयानंद के रूप में हुई है।

नरेश गांव के अड्डे पर वर्षों से परचून की दुकान चलाता था। मंगलवार रात वह दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक डंपर ने दुकान के समीप बने एक पिलर को टक्कर मार दी।




### रुकने का इशारा करने पर भी बढ़ाई स्पीड
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिलर से टक्कर लगने के बाद नरेश दुकान से बाहर निकला और डंपर चालक को रुकने का इशारा किया, ताकि नुकसान की जानकारी ली जा सके। लेकिन चालक ने वाहन रोकने के बजाय डंपर की रफ्तार और बढ़ा दी। इसी दौरान नरेश डंपर की चपेट में आ गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक बिना रुके डंपर लेकर फरार हो गया।

### हत्या का केस दर्ज
हादसे की सूचना मिलते ही कलानौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि चालक ने जानबूझकर डंपर नहीं रोका और तेज गति से वाहन चलाते हुए नरेश को कुचल दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### डंपर बरामद, चालक की तलाश में जुटी पुलिस
जांच अधिकारियों का कहना है कि घटना में इस्तेमाल किए गए डंपर को बरामद कर लिया गया है। अब वाहन के दस्तावेजों, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर चालक की पहचान की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एमडीयू में जीरो टॉलरेंस नीति की खुली पोल
# काली स्कॉर्पियो से 45 मिनट लाइब्रेरी से फाइन आर्ट विभाग तक की स्टंटबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीयू परिसर एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवालों के घेरे में है। कैंपस में कुछ युवकों ने स्कॉर्पियो गाड़ी से करीब 45 मिनट तक सरेआम स्टंटबाजी की। इस हुड़दंग के दौरान विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमराई नजर आई। हैरानी की बात यह रही कि इतनी लंबी चली इस हरकत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कॉर्पियो सवार युवकों ने सबसे पहले विवेकानंद लाइब्रेरी के पास बने चौक पर गाड़ी को बेहद तेज रफ्तार में पांच से छह बार गोल-गोल घुमाया। इस दौरान वहां से गुजर रही एक स्कूटी सवार छात्रा इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बची। अगर पल भर की भी चूक हो जाती, तो कैंपस में बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। इसके बाद भी हुड़दंगियों के हौसले पस्त नहीं हुए। आरोपियों ने इसके बाद एक्टिविटी सेंटर और बॉटनी विभाग के बीच बने चौक, फिर यज्ञशाला के पास और उसके बाद फाइन आर्ट विभाग के पास टंटबाजी की। हुड़दंग मचाने के बाद आरोपी फिर लाइब्रेरी की तरफ आए और स्टंट करते हुए निकल गए।



### कैमरे चालू हैं या सिर्फ दिखावा?
इस घटना ने एमडीयू प्रशासन के उन दावों की हवा निकाल दी है, जिसमें कैंपस को पूरी तरह सुरक्षित बताया जाता है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय के हर चौक पर हाई-क्वालिटी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी के लिए बाकायदा एक सुरक्षाकर्मी कंट्रोल रूम में बैठता है। इसके अलावा, कैंपस में 24 घंटे सिक्योरिटी गार्ड्स की गाड़ियां पैट्रोलिंग (गश्त) करती रहती हैं। इसके बावजूद 45 मिनट तक चली इस खतरनाक स्टंटबाजी पर किसी भी सुरक्षाकर्मी की नजर न पड़ना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। छात्र अब यह पूछ रहे हैं कि विश्वविद्यालय में लगे ये लाखों के कैमरे सच में चल रहे हैं या ये सिर्फ नाम के लिए लगाए गए हैं?

### मामले की जानकारी नहीं: सुरक्षा इंचार्ज
बता दें कि कुछ समय पहले ही कुलपति (वीसी) की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासन बनाए रखने के लिए 'जीरो टॉलरेंस' नीति लागू की गई थी। लेकिन इस घटना से साफ है कि कैंपस में इस नीति का सरेआम उल्लंघन हो रहा है और खुद सुरक्षा इंचार्ज और सुरक्षाकर्मी भी इसे लागू करवाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। एमडीयू में पहले भी कई अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं, ऐसे में प्रशासन की यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। उधर, एमडीयू सुरक्षा इंचार्ज तरुण शर्मा ने कहा कि मैं ऑफिस में ही था पूरे दिन। इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

# निगम बंदर पकड़ने में फेल अब शहरवासी लंगूर के भरोसे

- बंदरों के आतंक से रोज अस्पताल पहुंच रहे 10 से अधिक मरीज
- कॉलोनियों के लोग हर महीने अपनी जेब से कर रहे खर्च; कपड़े, छत और बच्चों की सुरक्षा बनी बड़ी चिंता

**रोहतक।** शहर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर निगम द्वारा बंदरों को पकड़ने के लिए ठेका देने के बावजूद स्थिति में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिल रहा। शहर में बंदरों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं, हालात ये हैं कि लोग निगम की व्यवस्था पर भरोसा करने की बजाय अपनी जेब से खर्च कर बंदरों को भगाने के लिए लंगूर की मदद लेने को मजबूर हैं।

सेक्टर-14, सेक्टर-1, सेक्टर-2 और 3 के कुछ हिस्सों के अलावा झंग कॉलोनी सहित कई कॉलोनियों में सुबह और शाम लंगूर लाने वाले व्यक्ति को बुलाया जाता है। स्थानीय लोग हर मकान से 100 रुपये एकत्र करते हैं। इसके बाद लंगूर को कॉलोनियों की गलियों और पार्कों में घुमाया जाता है। लंगूर देखते ही बंदरों के झुंड वहां से भाग जाते हैं। हालांकि यह राहत अस्थायी होती है और अगले दिन फिर वही स्थिति बन जाती है। शहर के अस्पतालों में प्रतिदिन बंदर के काटने के 10 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन का कहना है कि फिलहाल यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर इस तरह की समस्या बनी हुई है तो इसके लिए बैठक कर पूरी जानकारी ली जाएगी। इसके लिए जल्द कार्रवाई की जाएगी। आमजन को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। जल्द ही बंदरों के आंतक से छुटकारा दिलवाया जाएगा।





### फरवरी में 14 लाख का होना था टेंडर, नहीं चढ़ा सिरे
जनवरी में कमिश्नर आनंद की अध्यक्षता में 14 लाख रुपये का टेंडर लगाया जाना था। लेकिन किसी कारणवश एजेंसी ने बंदर पकड़ने से मना कर दिया और कुछ दिन बाद ही कमिश्नर ने उस एजेंसी को ब्लेकलिस्ट भी कर दिया। उसके बाद से व्यवस्था सिरे ही नहीं चढ़ पा रही है। लेकिन अब केस पहले से बंदर काटने के ज्यादा भी बढ़ने लगे है। ऐसे में लोगों को घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है।

### इन क्षेत्रों में बंदरों का खौफ
शिवाजी कॉलोनी, सुभाष नगर, पुराना हाउसिंग बोर्ड, बोहर गांव, अस्थल बोहर, गढ़ी बोहर, तिलियार झील के पास, झज्जर रोड नहर के पास, महावीर पार्क, जनता कॉलोनी, विकास नगर, शक्ति नगर, चांद नगर, दुर्गा कॉलोनी, चिन्योट कॉलोनी के अलावा सेक्टर-एक, दो, तीन, चार व 14 में भी बंदरों का खौफ बना हुआ है।

### फर्जी रजिस्ट्री करने पर धोखाधड़ी का केस
**रोहतक।** सांपला पुलिस ने रामकुमार निवासी इस्माईला 9 बी की शिकायत पर नवीन, दलवीर ,रमेश , अनिल सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

प्राथमिक जांच में पुलिस के सामने आया कि 9 नवंबर 2025 के अनुसार सुरेश कुमार निवासी तरुण एंक्लेव नई दिल्ली ने शिकायतकर्ता पक्ष की खेवट में से 11 कनाल जमीन खरीदी थी और उसमें से प्रलेख संख्या 67 दिनांक 9 अप्रैल 2007 के अनुसार 5 कैनाल 4 मरले प्रलेख संख्या 69 दिनांक 9 अप्रैल 2007 के अनुसार पांच कनाल दो मरले जो कुल 10 कैनाल छह मरले जमीन को अन्य को बेच दिया जाना पाया गया। जिसके अनुसार सुरेश कुमार के हिस्से में केवल 14 मरले जमीन ही बचती थी जो उत्तर वादी पक्ष द्वारा असल जमीन मालिक सुरेश कुमार की जगह फर्जी व्यक्ति खड़ा करके एक कनाल 11 मरले जमीन की रजिस्ट्री बैंक ऑफ़ बड़ौदा के खाता नंबर के चेक नंबर 32 व 34 के अनुसार पेमेंट की गई दर्शा कर पाई गई है जो रजिस्ट्री में दिखाएं गए बैंक चेक की राशि सुरेश कुमार की बजाय किसी अन्य व्यक्ति फर्म को पेमेंट की जानी पाई गई है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा चुकी है और इसमें सीधे तौर पर धोखाधड़ी पाई गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# 20 दिन से जनता कॉलोनी में हो रही गंदे पानी की सप्लाई, बीमार पड़ने लगे लोग

- उल्टी दस्त की शिकायतें बढ़ी, नहीं कर रहा जन स्वास्थ्य विभाग सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक में दूषित पेयजल की समस्या लगातार नए इलाकों तक फैलती दिखाई दे रही है। पिछले करीब 20 दिनों से जनता कॉलोनी के 50 से 60 घरों में गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है। हालात ऐसे हैं कि लोग न तो इस पानी को पी पा रहे हैं और न ही घरेलू उपयोग में ला पा रहे हैं। मजबूरी में परिवार पानी के कैंपर खरीदकर और टैंकर मंगवाकर अपनी जरूरत पूरी कर रहे हैं। वहीं गंदा पानी पीने से कई लोगों में उल्टी-दस्त जैसी शिकायतें भी सामने आने लगी हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से लोगों में भारी रोष है।

विश्वकर्मा नगर की जनता कॉलोनी के निवासियों का कहना है कि कुछ समय पहले ही क्षेत्र में नई पेयजल पाइपलाइन डाली गई थी। लोगों को उम्मीद थी कि इससे वर्षों पुरानी समस्या दूर हो जाएगी, लेकिन अब नलों से गंदा और बदबूदार पानी आने लगा है।






### 15-20 दिन से लगातार आ रही समस्या
स्थानीय निवासी राजकुमार ने बताया कि पिछले 15 से 20 दिनों से लगातार शिकायतें की जा रही हैं। कॉलोनीवासी जन स्वास्थ्य विभाग के जेई मयंक भारद्वाज और एसडीओ राजेश से भी मिले, लेकिन समाधान नहीं मिला। अधिकारियों ने केवल इतना आश्वासन दिया कि 15 से 20 दिन में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इतना समय बीतने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि उन्होंने पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर और वार्ड-19 के पार्षद विजय गोयल के माध्यम से भी संबंधित अधिकारियों तक अपनी शिकायत पहुंचाई, लेकिन अब तक किसी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

### अधिकारियों से मिले, पर समाधान नहीं
लोगों ने बताया कि क्षेत्र के जेई मयंक भारद्वाज और एसडीओ राजेश से भी मिले लेकिन तुरंत समाधान नहीं हो पाया। लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी शिकायतें सुनने तक सीमित हैं और धरातल पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। निवासियों का कहना है कि दूषित पानी के कारण कई घरों में बच्चों और बुजुर्गों को उल्टी-दस्त तथा पेट संबंधी शिकायतें होने लगी हैं। लोग बीमारी के डर से बाजार से पानी के कैंपर खरीदने को मजबूर हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। घरेलू कार्यों में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजकुमार गर्ग, रामबाबू, अनिल जैन, घनश्याम दास, पन्नालाल जैन, राजरानी, शीला, लक्ष्मी, सतीश गर्ग और भूपेश गर्ग सहित अन्य निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जनता कॉलोनी में दूषित पेयजल की समस्या का तत्काल समाधान कराया जाए। उनका कहना है कि यदि जल्द स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं कराया गया तो उन्हें मजबूर होकर कोई ठोस कदम उठाना होगा।

### इन कॉलोनियों में भी दूषित सप्लाई
इससे पहले गोहाना अड्डा के पास स्थित अशोक नगर, आंबेडकर कॉलोनी, गुरनानकपुरा में भी गंदा पानी आ रहा है। अशोक नगर में तो कई साल से समस्या बनी हुई है। विभाग इन कॉलोनियों में शिकायतों का समाधान नहीं कर पा रहा।

**साधा निशाना** | भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पूर्व सीएम हुड्डा पर हमला, वंशवाद के लगाए आरोप

# पुत्र मोह में किया हरियाणा का नुकसान: गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने मंगलवार को नई अनाज मंडी में आयोजित भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति में डूबी हुई है। यही कारण है कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पुत्र मोह में हरियाणा का नुकसान किया है। उन्होंने राज्यसभा सांसद रहते हुए भी बेटे को लोकसभा चुनाव लड़वाया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर केवल परिवार को आगे बढ़ाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस में परिवारवाद इतना हावी है कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के लिए कोई स्थान नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि वंशवाद के चलते पूर्व सीएम हुड्डा ने मुख्यमंत्री पद के लिए किसी कांग्रेस कार्यकर्ता का नाम आगे नहीं बढ़ाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वर्ष 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सफाया करना है और रोहतक की सभी विधानसभा व लोकसभा सीटों पर कमल खिलाना है।



### कांग्रेस में महिलाओं को नहीं मिलता सम्मान
प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस में महिलाओं को भी सम्मान नहीं मिलता। उन्होंने कुमारी शैलजा का जिक्र करते हुए कहा कि एक वरिष्ठ महिला नेता होने के बावजूद कुमारी शैलजा की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उनका स्वागत कार्यक्रम मकड़ौली टोल प्लाजा से शुरू हुआ। वीटा चौक, जींद चौक, हिसार चौक और वाल्मीकि चौक समेत कई जगह उनका भव्य स्वागत हुआ। नई अनाज मंडी पहुंचने पर जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा सहित वरिष्ठ नेताओं ने उनका अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस शासन में किसानों को अपमानजनक मुआवजा दिया जाता था, जबकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से करोड़ों किसानों को सीधी आर्थिक सहायता मिल रही है।

### डॉ. मंगल सेन, सर छोटूराम को किया नमन
प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा संगठन के वरिष्ठ नेता डॉ. मंगल सेन को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा में संगठन की मजबूत नींव रखी। उन्होंने महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के सामाजिक सुधार और महिला उत्थान में योगदान तथा किसानों के मसीहा सर छोटूराम के संघर्ष को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा है। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने की और पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा,पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल और प्रदेश सचिव रेणु डाबला ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

### कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा: ढाका
जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा मिली है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी एडवोकेट विजयपाल,मेयर राम अवतार वाल्मीकि, जवाहर सैनी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, प्रदीप जैन, दीपक हुड्डा, जिला महामंत्री अभिनंदन भारद्वाज व नितिन जैन, जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल, उदयभान मलिक,सुखबीर चंदेलिया,वीणा सिक्का, नागेंद्र शर्मा, पूर्व उप महापौर राजकमल सहगल,डॉ दिनेश घिलौड़, प्रतिभा सुमन, एडवोकेट राजबाला, एडवोकेट मनोज कुमार,नरेश गौड़,रोहतक जिले के सभी मंडल अध्यक्ष, ज़िले के सभी मेंबर, अध्यक्ष, चेयरमैन व पार्षद उपस्थित रहे।

# दोपहर तक उमस, फिर पहाड़ों जैसा मौसम रिमझिम बरसात से खिली धान की फसल
## अधिकतम तापमान 32.6°, सामान्य से 4.8° कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक में मंगलवार को मौसम ने दिनभर कई रंग दिखाए। सुबह और दोपहर तक लोगों को तेज उमस और पसीने वाली गर्मी का सामना करना पड़ा, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में बादल छाने के साथ शुरू हुई बूंदाबांदी रुक-रुककर देर रात तक जारी रही। कुल मिलाकर बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 6 मिलीमीटर बारिश हुई। जिससे ठंडी हवाओं से वातावरण में ठंडक घुल गई और शहर का मौसम कुछ समय के लिए पहाड़ी क्षेत्रों जैसा महसूस होने लगा। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी राहत मिली। बारिश का सबसे अधिक फायदा खेतों में खड़ी फसलों, विशेषकर धान को मिलने की उम्मीद है।



### अब कुछ दिन ऐसा ही रहेगा मौसम का मिजाज
मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.8 डिग्री कम रहा। इससे पहले सोमवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में भी मौसम का यही मिजाज बने रहने की संभावना है। जिले में बादल छाए रहने, रुक-रुककर बारिश होने तथा कुछ स्थानों पर तेज वर्षा की भी संभावना जताई गई है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह मौसम बना रहता है तो धान सहित खरीफ की अन्य फसलों को भी लाभ मिलेगा। हालांकि जिन क्षेत्रों में अधिक वर्षा होती है, वहां खेतों से जल निकासी की व्यवस्था बनाए रखना भी जरूरी होगा, ताकि फसलों को जलभराव से नुकसान न पहुंचे।

## सवाल- प्रशासन ने दो शिलान्यास पत्थर क्यों बनवाए, एक मंत्री ने चौपाल की जांच बैठाई, दूसरा कर गया शिलान्यास

# फरमाणा बादशाहपुर में जोगी समाज की चौपाल निर्माण विवादों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

फरमाणा बादशाहपुर गांव में जोगी समाज की एक बहुत ही अच्छी कंडीशन में चौपाल है। गांव का सरपंच जोगी समाज से है। ग्राम पंचायत जोगी समाज के लिए निंदाना रोड पर 6 कनाल जमीन में एक अन्य चौपाल का निर्माण करवा रही है। गांव के पूर्व सरपंच सतेंद्र ने उनके इस फैसले को गलत ठहराया है। सतेंद्र ने कहा है कि गांव में कई अनुसूचित और पिछड़ा वर्ग की जातियों की चौपाल नहीं हैं। गांव की सामान्य चौपाल में ही अनेक जातियों के लोग अपने ब्याह शादी व अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं। जोगी समाज की गांव में बढ़िया हालात में चौपाल है।


**महम।** जोगी समाज की चौपाल का शिलान्यास पत्थर।

### जल्दबाजी में लिया शिलान्यास का फैसला

बावजूद इसके निंदाना रोड पर ग्राम पंचायत की कृषि भूमि में सरपंच जोगी समाज की चौपाल बनवा रहा है। पूर्व सरपंच ने इस संबंध में जिला उपायुक्त को शिकायत की थी। यह मामला पिछले दिनों जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में भी उठा था। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने इस मामले की जांच के कमेटी गठित करने के आदेश दिए थे। फिलहाल यह जांच भी पूरी नहीं हुई थी कि सरपंच ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार से संपर्क करके आनन फानन में नई चौपाल के शिलान्यास का फैसला किया। रविवार दोपहर बाद पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने फरमाणा गांव में जोगी चौपाल का शिलान्यास कर दिया। यह बात भी नहीं थी की मंत्री पंवार को इस पूरे मामले की जानकारी नहीं थी।


**महम।** पिछड़ा वर्ग समाज की चौपाल का पत्थर।

### गलियां तंग हैं अंदर वाहन ले जाने में आती है परेशानी

फरमाणा बादशाहपुर गांव के सरपंच सोमवीर पंवार से संबंध में बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि गांव के अंदर जोगी समाज की चौपाल है। वहां पर गलियां तंग होने की वजह से वाहन पहुंचने में परेशानी होती है। ग्राम पंचायत ने खुले स्थान पर 6 कनाल भूमि में नई जोगी चौपाल बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है।

### आश्वासन दिया, पूरा नहीं किया



पूर्व सरपंच सतेंद्र ने कहा है कि उनके पक्ष के लोगों ने मंत्री से मिलकर आग्रह किया था कि वे चौपाल का शिलान्यास भले ही कर दें, लेकिन पिछड़े वर्ग के नाम से कर दें। पंवार ने भी आश्वासन दिया कि वे पिछड़ा वर्ग की चौपाल का ही शिलान्यास होगा। लेकिन पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जोगी समाज की चौपाल के नाम से शिलान्यास कर दिया। एक मंत्री ने जांच के लिए कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए हैं और दूसरा मंत्री विवादित चौपाल का शिलान्यास करके चला गया। यह ठीक नहीं है।

### शराब सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने सत्येंद्र कुमार निवासी राजेंद्र कॉलोनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पेटी अंग्रेजी शराब ,आधी पेटी अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शराब को कब्जे में दे दिया है।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सहयोग करें लोग: उपायुक्त

**रोहतक।** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-2026) अभियान के तहत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने नागरिकों से 14 जुलाई तक सत्यापन प्रपत्र भरकर जमा कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सही, अद्यतन और सुरक्षित दर्ज करना है। सभी नागरिक इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पूरा सहयोग करें। उपायुक्त ने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर निर्धारित प्रपत्र एकत्रित कर रहे हैं।

## पानी को तरसे फतेहपुरी कालोनी के लोग, मैन लाइन में कनेक्शनों ने बिगाड़े हालात

# वार्ड पांच में दो सौ से ज्यादा मकानों तक नहीं पहुंच रहा पीने का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित वार्ड पांच में पेयजल संकट अब लोगों की रोजमर्रा की परेशानी से बढ़कर जनस्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करने लगा है। पिछले करीब छह माह से वार्ड के कबीर पार्क के पीछे स्थित फतेहपुरी कॉलोनी सहित कई इलाकों में दो सौ से अधिक मकानों तक नियमित रूप से पेयजल नहीं पहुंच रहा। हालात यह हैं कि सुबह-शाम पानी आने के निर्धारित समय पर भी अधिकांश घरों के नलों में बूंद तक नहीं आती, जबकि कुछ मकानों में पर्याप्त पानी पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मुख्य सड़क से गुजर रही मेन पाइप लाइन से कई उपभोक्ताओं ने सीधे अवैध कनेक्शन ले रखे हैं। नियमानुसार प्रत्येक मकान का कनेक्शन गली में बिछाई गई वितरण लाइन से होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होने के कारण आगे की बस्तियों तक पानी का दबाव ही नहीं बन पा रहा। इसका खामियाजा करीब दो सौ से अधिक परिवारों को भुगतना पड़ रहा है।

### पार्षद के घर शिकायत लेकर पहुंच रही महिलाएं

स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि पानी की समस्या को लेकर महिलाएं और स्थानीय निवासी अब सीधे वार्ड-5 के पार्षद सुरेश किराड़ के घर पहुंचकर शिकायत करने लगे हैं। लोगों का कहना है कि कई बार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है। दूसरी ओर कबीर पार्क के पीछे स्थित फतेहपुरी कॉलोनी में भी पेयजल आपूर्ति असमान बनी हुई है। यहां एक ही गली के आधे हिस्से में पानी पहुंच रहा है, जबकि शेष आधे हिस्से के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हैं। मजबूरी में कई परिवार निजी टैंकरों से पानी मंगाने या दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी भरकर लाने को विवश हैं।

### खामियों को दूर करने के लिए नहीं उठाया जा रहा ठोस कदम

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मुख्य सड़क की मेन लाइन से किए गए सीधे कनेक्शनों को हटाकर सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शन गली की लाइन से जोड़ दिए जाएं और आवश्यक स्थानों पर 'टी' लगाकर पाइप लाइन का सुधार कर दिया जाए तो समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण यह कार्य महीनों से लंबित पड़ा है। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद न तो अधिकारी मौके का निरीक्षण कर रहे हैं और न ही तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है। लगातार बढ़ रही गर्मी और पानी की बढ़ती मांग के बीच यह संकट और गहरा गया है। अब क्षेत्रवासी विभाग से जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें रोजाना पानी के लिए संघर्ष न करना पड़े।

**कुछ लोगों ने मुख्य सड़क की मेन लाइन से लिया है सीधा कनेक्शन, जबकि गली की लाइन से होना चाहिए कनेक्शन**

**पार्षद का आरोप छह माह से टाल मटोल कर रहा जन स्वास्थ्य विभाग**

### अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे

जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे। कॉलोनी में पिछले छह माह से पीने का पानी नहीं है। लोगों ने मेन लाइन मुख्य सड़क से पानी का कनेक्शन लिया हुआ है। जिसकी वजह से आगे पानी नहीं पहुंच पा रहा है। मकान की गली से कनेक्शन किया जाना चाहिए। इसके लिए टी लगाने की जरूरत है। साथ ही फतेहपुरी कॉलोनी नजदीक तेज कॉलोनी एरिया में आधी गली में पानी आता है और आधी गली में पानी नहीं आता। वार्ड के लोग पानी की कमी की वजह से पिछले कई दिनों काफी परेशान हैं। शिकायत के बावजूद भी विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

-सुरेश किराड, पार्षद, वार्ड पांच

## न्यूज डायरी



### किलाई के दादी भदा मंदिर परिसर में 125 पौधे लगाए, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किलोई स्थित दादी भदा मंदिर परिसर में मंगलवार को वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। सेवा समिति के प्रधान उम्मेद सिंह और पूर्व एसएमओ सहदेव हुड्डा के आमंत्रण पर पर्यावरण प्रहरी अभियान टीम सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने अभियान में भाग लेते हुए 125 पौधे रोपे। कार्यक्रम की शुरुआत दादी भदा मंदिर में श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने मंदिर परिसर को हरा-भरा बनाने का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। महंत बाबा अनभूतानंद, सुरेश और प्रोमिल चौधरी ने पेड़ों के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए।



### सांपला में बारिश से सड़कें बनी तालाब

**सांपला।** मंगलवार को इलाके में दोपहर बाद हुई बारिश ने गर्मी से राहत देने का काम किया। करीब एक घंटे की बारिश से कस्बे के अलावा व इलाकों की गलियां व सड़कें तालाब नजर आने लगीं। अच्छी बारिश को लेकर किसान खुश नजर आए। वहीं नेशनल हाईवे नंबर 9 सांपला बाईपास के सर्विस रोड, खरखोदा रेलवे ब्रिज मंडी मोड़ पर पानी भर गया। इसके अलावा झज्जर मार्ग अस्पताल के पास हाईवे पर पानी भरने से आवाजाही प्रभावित रही। बारिश ने नगरपालिका के कई दिनों से चल रही सफाई अभियान की पोल खोल दी। यही नहीं कस्बे की रामपुरा कालोनी में भी पानी भर गया। जिससे कॉलानीवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



### सरकार पूरी तरह कर्मचारी विरोधी, विपक्ष भी कर्मचारियों के मुद्दों पर गंभीर नहीं: धनखड़

**रोहतक।** रोडवेज भवन में ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक जयकिशन दलाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन महासचिव नानक चंद मल्होत्रा ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह धनखड़, वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह सैनी और जलकरण बल्हारा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की। प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह धनखड़ ने कहा कि सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों की वर्षों पुरानी मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और विपक्ष दोनों ही कर्मचारी, किसान, मजदूर और आमजन के मुद्दों को गंभीरता से नहीं उठा रहे हैं।



### निगम वार्ड 10 व 16 में चलाया विशेष सफाई अभियान, लोगों से की डस्टबिन रखने की अपील

**रोहतक।** नगर निगम सफाई व्यवस्था को लेकर काफी गंभीर है तथा सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार किया जाएगा। मंगलवार को नगर निगम द्वारा वार्ड नं0 10 व 16 विशेष सफाई अभियान चलाए ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सके। निगम की टीम द्वारा वार्ड-10 वार्ड सदस्य व वार्ड-16 वार्ड सदस्य प्रतिनिधि की उपस्थिति में जनभागीदारी के साथ विशेष सफाई अभियान चलाये गए। निगम आयुक्त सत्येंद्र दूहन ने बताया कि सफाई अभियान के दौरान अतिरिक्त संसाधन, कर्मचारी लगाकर सफाई कार्य करवाया जा रहा है। इसके साथ-साथ नागरिको को डस्टबीन के प्रयोग करने,की अपील की जा रही है।




### इनर व्हील क्लब ने आठ जरूरतमंद मरीजों का करवाया डायलिसिस, टोकन मनी भी की प्रदान

**रोहतक।** इनर व्हील क्लब द्वारा एक सेवा कार्य का आयोजन किया गया, जिसमें 8 जरूरतमंद मरीजों का डायलिसिस करवाया गया। इसके साथ ही मरीजों को रिफ्रेशमेंट्स एवं टोकन मनी भी प्रदान की गई। इस सेवा कार्य को पुष्पा चावला एवं नीलम सहगल द्वारा प्रायोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान विजय बल्हारा, पूनम गुप्ता, कमलेश मलिक, किरण सोनी, विम्पी गुलाटी, मंजू बिंदल एवं एकता मिगलानी भी उपस्थित रहीं। यह आयोजन क्लब की मानव सेवा, संवेदनशीलता और समाज के प्रति समर्पण की भावना को दर्शाता है।

### एसआईआर में लापरवाही पर 24 कर्मचारियों को नोटिस

**एसडीएम ने बीएलओ को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**महम।** महम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी विपिन कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) निर्धारित समय सीमा 14 जुलाई तक हर हाल में कार्य पूर्ण करें। मंगलवार को महम स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में एसडीएम विपिन कुमार ने सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाने वाले 24 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं, बूथ संख्या-14 से संबंधित एक कर्मचारी के विरुद्ध चार्जशीट जारी करने की अनुशंसा सक्षम प्राधिकारी को भेजी गई है। एसडीएम विपिन कुमार ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन भी किया गया। इसी क्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निर्मला (बूथ संख्या-152, सीसर खास) को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सराहनीय कार्य करने पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्मला महम सब डिविजन में ऐसी बीएलओ है, जिन्होंने अपने फार्म सबसे पहले जमा करा दिए हैं।


**महम।** एसआईआर कार्य में सराहनीय प्रदर्शन करने वाली सीसर खास की आंगनवाड़ी वर्कर निर्मला को प्रसंशा पत्र प्रदान करते एसडीएम विपिन कुमार।


**रोहतक।** बीएलओ को दिशा निर्देश देते आशीष कुमार।

### राजनीतिक दल 14 जुलाई से पहले भरवाएं एसआईआर फॉर्म : डीसी

**पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाने के लिए लोगों का सहयोग जरूरी**

**रोहतक।** रोहतक विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (नागरिक) आशीष कुमार ने सभी राजनीतिक दलों से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-1 एवं बीएलए-2) के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि 14 जुलाई 2026 से पहले प्रत्येक पात्र मतदाता का एसआईआर गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को जमा हो जाए। मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में एसडीएम आशीष कुमार ने कहा कि मतदाता सूची को पारदर्शी, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के लिए प्रशासन, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों का समान सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बीएलए-1 और बीएलए-2 से साझा की गई एएसडीडी सूची की भी गहन जांच करने को कहा, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम गलती से मतदाता सूची से न हटे।

## भाजपा सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना : चेयरपर्सन हुड्डा

- चंडीगढ़ बैठक में जिला परिषद चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने लिया हिस्सा, ग्रामीण विकास कार्यों को गति देने पर रहा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक।

चंडीगढ़ में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में पंचायत एवं विकास विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रोहतक जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा तथा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नरेंद्र कुमार ने भाग लिया। बैठक में रोहतक जिले में चल रहे विकास कार्यों, पंचायतों में संचालित योजनाओं तथा आगामी परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, विकास कार्यों की गुणवत्ता, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। पंचायत मंत्री ने विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और जनहित से जुड़ी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर विशेष जोर दिया। बैठक के बाद जिला परिषद चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के मार्गदर्शन में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है और इसी दिशा में पंचायतों को सशक्त बनाकर गांवों में सड़क, पेयजल, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। मंजू हुड्डा ने मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से रोहतक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला परिषद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से सभी जनहितकारी योजनाओं को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।


रोहतक। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से मिलते जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा तथा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नरेंद्र कुमार व अन्य परिषद के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**परेशानी** महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, भिवानी, चरखी दादरी, सोनीपत, पानीपत, करनाल और कैथल में जमीनी पानी का संकट

**सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, जींद, रोहतक और झज्जर सेमग्रस्त**

# दोहरी मार झेल रहा प्रदेश, कहीं सेम से बंजर हो रही जमीन तो कहीं तेजी से नीचे जा रहा भूजल

- धान जैसी की फसलों का विस्तार, अनियंत्रित भूजल दोहन व वर्षा जल संचयन की अपर्याप्त व्यवस्था जल संकट का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा में हर साल सभी जिलों में जल संकट का स्वरूप लगातार गंभीर होता जा रहा है। राज्य का एक बड़ा हिस्सा दोहरी चुनौती से जूझ रहा है। पश्चिमी और मध्य हरियाणा के कई जिले सेम (जलभराव और लवणीयता) की समस्या से प्रभावित हैं, जबकि दक्षिणी, पूर्वी और एनसीआर क्षेत्र के अनेक जिलों में भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो कृषि उत्पादन और पेयजल उपलब्धता दोनों पर गहरा असर पड़ सकता है। जिसका नुकसान प्रदेश की जनता को उठाना पड़ेगा। जल निकासी तंत्र मजबूत करना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।


एआई जेनरटेड

### वर्षा जल संचयन प्रक्रिया की अपर्याप्त व्यवस्था जल संकट की मुख्य वजह

विशेषज्ञों का मानना है कि धान जैसी अधिक पानी मांगने वाली फसलों का विस्तार, अनियंत्रित भूजल दोहन, शहरीकरण तथा वर्षा जल संचयन की अपर्याप्त व्यवस्था इस संकट की मुख्य वजहें हैं। वर्तमान में हरियाणा के 88 ब्लॉक ओवर-एक्सप्लॉइटेड, 11 क्रिटिकल और 8 सेमी-क्रिटिकल श्रेणी में हैं। पिछले एक दशक में राज्य का जलस्तर औसतन 5.41 मीटर तक नीचे गया है। जल विशेषज्ञों का कहना है कि हरियाणा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि एक ओर लाखों एकड़ भूमि सेम के कारण प्रभावित हो रही है, जबकि दूसरी ओर कई जिलों में भूजल तेजी से खत्म हो रहा है। ऐसे में फसल विविधीकरण, सूक्ष्म सिंचाई, वर्षा जल संचयन और जल निकासी तंत्र को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

### खारेपन ने इन इलाकों में समस्या को बढ़ाया

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में दायर याचिका के अनुसार हरियाणा में करीब 9.82 लाख एकड़ भूमि जलभराव और लवणीयता (सेम) से प्रभावित है। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र पश्चिमी और मध्य हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, जींद, रोहतक, झज्जर तथा कुछ हिस्सों में कैथल माने जाते हैं। नहर सिंचाई, खराब निकासी व्यवस्था और भूजल के खारेपन ने इन इलाकों में समस्या को बढ़ाया है। दूसरी ओर भूजल दोहन के कारण राज्य के कई जिलों में जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। हरियाणा सरकार द्वारा विधानसभा में दी गई जानकारी के अनुसार राज्य का औसत भूजल स्तर जून 2020 में 21.17 मीटर था, जो जून 2025 तक गिरकर 23.02 मीटर हो गया। यानी पांच वर्षों में औसतन लगभग 1.85 मीटर की अतिरिक्त गिरावट दर्ज की गई।

### महेंद्रगढ़ की स्थिति सबसे चिंताजनक

भूजल संकट सबसे ज्यादा महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, भिवानी, चरखी दादरी, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और कैथल जैसे जिलों में देखा जा रहा है। हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार राज्य के 22 में से 14 जिले गंभीर जल तनाव (वॉटर स्ट्रेस) की श्रेणी में पहुंच चुके हैं। राज्य के 47 प्रतिशत गांव जल संकट से प्रभावित हैं।महेंद्रगढ़ की स्थिति सबसे चिंताजनक बताई गई है। यहां कई क्षेत्रों में भूजल स्तर 50 मीटर से अधिक गहराई तक पहुंच चुका है। विधानसभा में बताया गया कि राज्य में ओवर-एक्सप्लॉइटेड (अत्यधिक दोहन वाले) ब्लॉकों की संख्या 2020 के 85 से बढ़कर 2025 में 91 ब्लॉक हो गई है।

### 30% भूजल सीमांत खारा

राज्य में भूजल की गुणवत्ता भी चिंता बढ़ा रही है। हाल में जारी हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अध्ययन के अनुसार केवल 31.83 प्रतिशत भूजल ही अच्छी गुणवत्ता वाला है। लगभग 30 प्रतिशत भूजल सीमांत खारा (मार्जिनली सलाइन) है, जबकि शेष हिस्से में विभिन्न स्तरों की लवणीयता और सोडिसिटी पाई गई है।



# पंचकूला में रोहतक के 29 खिलाड़ियों का सम्मान, मुख्यमंत्री ने बांटे कैश अवार्ड

2021-22 की लंबित पुरस्कार राशि की वितरित

## इनमें 20 अंतरराष्ट्रीय व 9 राष्ट्रीय स्तर के प्लेयर, खिलाड़ी बोले, पिछले 3 वर्षों के पुरस्कार भी दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। पंचकूला के सेक्टर-1 स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खिलाड़ियों को उनकी लंबित नकद पुरस्कार राशि सौंपकर सम्मानित किया। इस विशेष अवसर पर प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान प्रदेशभर के कुल 198 खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुल 20 करोड़ 59 लाख रुपये की सम्मान राशि वितरित की गई। इस राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में रोहतक जिले का दबदबा देखने को मिला। जिले के कुल 29 खिलाड़ियों को इस कैश अवार्ड से नवाजा गया, जिनमें 20 अंतरराष्ट्रीय और 9 राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने विश्व चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व कप, राष्ट्रमंडल खेल, खेलो इंडिया और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाया था। इसके अलावा, समारोह में पैरा एशियाई खेलों में तिरंगा फहराने वाले तीन विशेष खिलाड़ियों को कुल 2.32 करोड़ रुपये की भारी-भरकम नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

**पदक जीतकर बढ़ाया प्रदेश का मान**



### सम्मानित होने वाले जिले के खिलाड़ी

*अंतरराष्ट्रीय स्तर के दिग्गजः पैरा एथलेटिक्स से कर्मज्योति, पैरा कैनोइंग से जयदीप, फेंसिंग (तलवारबाजी) से देव और तन्नू गुलिया, जूडो से मुस्कान, कबड्डी से मन्नू, आशीष, रोहित कुमार व अंकुश, शूटिंग से हेजल, कनक बुधवार, खुशी व आशिमा अहलावत, टेबल टेनिस से सुहाना सैनी, कुश्ती से अंतिम, पैरा आर्चरी से नवीन दलाल, पैरा पावरलिफ्टिंग से प्रदीप जून, एथलेटिक्स से रोहन और बैडमिंटन से उन्नति हुड्डा।*

### राष्ट्रीय स्तर के होनहार

फेंसिंग से तन्नू गुलिया व देव, बॉक्सिंग से गीतिका व मुस्कान, कुराश से अन्नू, कैनोइंग एवं कयाकिंग से जयदीप व ज्योति, ताइक्वांडो से जग प्रवेश और सॉफ्टबाल से चिराग सांगवान।

### सीएम से की अपील

कैश अवार्ड मिलने पर खिलाड़ियों और उनके परिवारों में खुशी का माहौल तो है, लेकिन इसके साथ ही खिलाड़ियों ने सरकार के सामने एक बड़ी मांग भी रखी है। सम्मानित एथलीटों ने कहा कि सरकार का यह कदम सराहनीय है, लेकिन यह राशि केवल वर्ष 2021-22 की लंबित प्रतियोगिताओं के लिए है। इसके बाद साल 2024, 2025 और चालू वर्ष 2026 की विभिन्न प्रतियोगिताओं की नकद पुरस्कार राशि भी अभी तक पेंडिंग है। खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि खेल और खिलाड़ियों के मनोबल को बनाए रखने के लिए इन पिछले तीन वर्षों (2024-2026) का कैश अवार्ड भी बिना किसी देरी के जल्द से जल्द जारी किया जाना चाहिए।

## एचसीए-सी ने खड़ा किया 281 रन का स्कोर, चिराग और सौरभ ने जड़े शतक

# रोहतक का बल्ला भारी, वीजेडी पद्धति से एचसीए 'सी' को 14 रन से हराया

**पटौदी ट्रॉफी के जिले के अलग-अलग मैदानों में खेले गए मैच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पटौदी ट्रॉफी के जिले के अलग-अलग मैदानों में मैच खेले गए । इसमें 22 यॉर्डस मैदान पर खेले गए मैच में रोहतक की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एचसीए 'सी' को वीजेडी पद्धति के तहत 14 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एचसीए 'सी' ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 281 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से चिराग कालिरामन ने 129 गेंदों में 7 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 119 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। कप्तान सौरभ सिग्रोहा ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 126 गेंदों में 106 रन बनाए। रोहतक की तरफ से गेंदबाजी में अजीत चहल ने घातक प्रदर्शन करते हुए 9 ओवर में 56 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए, जबकि तन्मय को 1 विकेट मिला। जवाब में, 282 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहतक की शुरुआत बेहद ठोस रही। रोहतक ने बिना कोई विकेट खोए 15 ओवर में 86 रन बना लिए थे। कप्तान अंकित कुमार 42 गेंदों में 45 रन (5 चौके, 1 छक्का) और रिशांत कोहली 49 गेंदों में 38 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। इसके बाद मैच आगे नहीं हो सका और वीजेडी मेथड के आधार पर रोहतक को 14 रनों से विजेता घोषित कर दिया गया।


अजित चहल


अंकित


रिशांत

### गुड़गांव ने फरीदाबाद को 41 रन से हराया

चौधरी बंसीलाल स्टेडियम में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में गुरुग्राम ने फरीदाबाद को वीजेडी पद्धति के आधार पर 41 रनों से शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी फरीदाबाद की टीम 197 रनों पर सिमट गई। फरीदाबाद के लिए कप्तान धीरू सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 82 गेंदों में 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से सर्वाधिक 60 रनों की कप्तानी पारी खेली। उनके अलावा रोहन देशवाल ने 35 और आदर्श शर्मा ने 34 रन बनाए। गुड़गांव की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए यश सिंह ने महज 11 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जबकि सार्थक मलिक को 2 विकेट मिले। 198 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुड़गांव की टीम ने बेहतरीन शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज प्रिंस लोहिया ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 43 गेंदों में 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। खेल रोके जाने तक गुड़गांव ने 21 ओवरों में 1 विकेट खोकर 98 रन बना लिए थे, जहाँ लक्ष्य यादव 32 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। खराब मौसम या अन्य कारणों से मैच रोके जाने के बाद वीजेडी नियम के तहत गुड़गांव पार स्कोर से 41 रन आगे रही और उसे विजेता घोषित कर दिया गया। फरीदाबाद की तरफ से एकमात्र विकेट संदीप डागर ने लिया।

### भिवानी ने फतेहाबाद को 11 रन से हराया

बंसीलाल स्टेडियम में खेले गए मैच में भिवानी की टीम ने फतेहाबाद को वीजेडी नियम के आधार पर 11 रनों से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भिवानी की टीम ने निर्धारित ओवरों में 213/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से पार्थ नांगिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 72 गेंदों में 71 रन (6 चौके, 2 छक्के) बनाए। उनके अलावा ऋषभ ढांडा ने 89 गेंदों में 55 रन और रयान सिंह ने 43 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। फतेहाबाद के गेंदबाज वीरू सिंह ने 2 विकेट चटकाए, जबकि प्रिंस और अर्जुन को 1-1 विकेट मिला। 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फतेहाबाद की टीम ने खेल रुकने तक 4 विकेट खोकर 87 रन बना लिए थे। सलामी बल्लेबाज सक्षम शर्मा ने 37 गेंदों में 54 रनों (7 चौके, 3 छक्के) की आतिशी पारी खेली, लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। खराब मौसम या अन्य कारणों से मैच पूरा नहीं हो सका और वीजेडी मेथड के तहत भिवानी को 11 रनों से विजेता घोषित किया गया।

## रोहतक की बेटी मुस्कान ने थाईलैंड में जीता स्वर्ण, अखाड़े में जोरदार स्वागत


रोहतक। खिलाड़ी मुस्कान का स्वागत करते कोच

**रोहतक।** थाईलैंड में 1 से 4 जुलाई 2026 तक आयोजित हुई अंडर- 20 जूनियर एशिया कुश्ती चैम्पियनशिप में गांव ढराना की बेटी मुस्कान ने 53 किलो भार वर्ग में भारत को स्वर्ण पदक दिलाकर देश का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद रोहतक के प्रसिद्ध अर्जुन अवॉर्डी सत्यवान अखाड़ा पहुंचने पर मुस्कान का फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। मुस्कान की उपलब्धियों का ग्राफ बेहद शानदार रहा है। उन्होंने हाल ही में वियतनाम में आयोजित अंडर-23 एशिया चैंपियनशिप के 53 किलो भार वर्ग में भी देश को गोल्ड मेडल दिलाया था। इसके अलावा, भिलाई (छत्तीसगढ़) में आयोजित अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और क्रोएशिया व अल्बानिया की सीनियर रैंकिंग सीरीज में 50 किलो भार वर्ग में दो कांस्य पदक भारत की झोली में डाले हैं। मुस्कान अब तक देश के लिए 10 राष्ट्रीय स्वर्ण और 11 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। इस सम्मान समारोह में अर्जुन अवॉर्डी गुरुजी सत्यवान, पद्मश्री साक्षी मलिक, अर्जुन अवॉर्डी सत्यव्रत कादियान, कोच रवि कुमार, अंकित कोच (उत्तराखंड), भारत केसरी सोमवीर पहलवान, और काला पहलवान सहित कई खेल हस्तियां व ग्रामीण मौजूद रहे। मुस्कान ने अपनी इस सफलता का श्रेय गुरुजनों, कोच को दिया है।

## न्यूज डायरी

### राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरु-शिष्य परंपरा और चरित्र निर्माण पर व्याख्यान



**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (रोहतक इकाई) द्वारा 'गुरु वंदन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके हुई।मुख्य वक्ता पूर्व आचार्य प्रो. सीता राम व्यास ने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी करता है। इतिहास गवाह है कि गुरु रामदास ने शिवाजी और चाणक्य ने चंद्रगुप्त जैसे महान शिष्य तैयार किए। उन्होंने डॉ. सी.वी. रमण, डॉ. राधाकृष्णन और डॉ. कलाम के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि विज्ञान प्लूटोनियम को बदल सकता है, लेकिन मनुष्य के हृदय को केवल गुरु ही बदल सकता है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने मुख्य वक्ता का आभार जताया और ऐसे आयोजनों की निरंतरता पर बल दिया। इससे पूर्व डॉ. पुष्प दीप डागर ने संगठन का परिचय दिया और मंच संचालन डॉ. एकता ने किया। अंत में प्रो. अंजू, डॉ. ज्योति और डॉ. पुष्प दीप ने अतिथियों को पुस्तक व पत्रिका भेंट की।

### मडूटा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने कुलपति व कुलसचिव से की शिष्टाचार भेंट




**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) शिक्षक संघ (मडूटा) के वर्ष 2026 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने मंगलवार को कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया तथा कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में मडूटा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. प्रदीप गहलोत, सचिव डॉ. महेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरुण हुड्डा, कार्यकारी परिषद की सदस्य प्रो. दिव्या मल्हान, प्रो. सविता राठी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। कुलपति के ओएसडी डॉ रवि प्रभात भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस दौरान पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय में शिक्षकों के हितों, शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध संस्कृति तथा सकारात्मक अकादमिक वातावरण को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का विश्वास दिलाया। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन और शिक्षक संघ के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय से शैक्षणिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण शोध और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी।

### नई शिक्षा नीति से उच्च शिक्षा में आएगा गुणात्मक बदलावः प्रो. मिलाप पूनिया



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के मालवीय मिशन शिक्षक ्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) एवं हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार से 8 दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम का ऑनलाइन शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 से 14 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षक भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि एवं एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति उच्च शिक्षा को अधिक गुणवत्तापूर्ण, नवाचार आधारित और विद्यार्थी केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बदलते समय के अनुरूप स्वयं को निरंतर अद्यतन रखें और शोध, नवाचार तथा प्रभावी शिक्षण को बढ़ावा दें। एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने कहा कि नई शिक्षा नीति शिक्षण और शोध की नई संस्कृति विकसित करने का अवसर प्रदान करती है।

### रोटरी क्लब ऑफ रोहतक नेक्स्ट ने गार्गी शिशु वाटिका में बनाया 'कान्हा प्ले एरिया'



**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक नेक्स्ट ने अपनी सामाजिक पहल 'पहली उड़ान' के तहत रामनगर स्थित शिक्षा भारती स्कूल द्वारा स्थानीय जनता कॉलोनी में संचालित गार्गी शिशु वाटिका में नवनिर्मित 'कान्हा प्ले एरिया' का लोकार्पण किया। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अतुल बंसल ने दीप प्रज्वलित कर एवं रिबन काटकर प्ले एरिया का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नन्हें बच्चों ने वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। रोटेरियन अतुल बंसल ने कहा कि इस प्ले एरिया का उद्देश्य बच्चों को विद्यालय परिसर में ही खेल, खुशी और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब भविष्य में भी समाज के जरूरतमंद वर्ग के लिए ऐसे सेवा कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में क्लब सदस्य ज्योति बंसल, साहिल अरोड़ा, अनु बंसल के अलावा शिशु वाटिका प्रभारी कविता पाहवा, गुंजन, ज्योति बतरा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। करीब 85 हजार रुपये की लागत से तैयार किए गए इस प्ले एरिया में बच्चों के लिए आकर्षक झूले, ट्रैंपोलिन, बॉल पूल हैं।

### एमडीयू ने बदला दूरस्थ शिक्षा परीक्षा का एक केंद्र, आज नई जगह होगा पेपर

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक ने प्रशासनिक कारणों से जुलाई-2026 की यूजी/पीजी दूरस्थ शिक्षा (सीडीओई) परीक्षाओं के एक परीक्षा केंद्र में बदलाव किया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार झज्जर जिले के परीक्षा केंद्र संख्या 403 (चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय कॉलेज, छारा) को बदलकर परीक्षा केंद्र संख्या 477 (गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कबलाना, झज्जर) कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा केंद्र संख्या 403 आवंटित सभी यूजी एवं पीजी (डिस्टेंस मोड) के विद्यार्थियों को अब 8 जुलाई से अपनी शेष परीक्षाएं केंद्र संख्या 477, गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कबलाना (झज्जर) में देनी होंगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि केवल परीक्षा केंद्र में परिवर्तन किया गया है। परीक्षा की तिथियों और समय में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया गया है। विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर नए परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

### ईमानदारी की मिसालः पीजीआई में मिला 6,900 रुपये से भरा पर्स लौटाया

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआईएमएस में मंगलवार को ईमानदारी की एक मिसाल देखने को मिली। भराण गांव निवासी सोनिया इलाज के लिए पीजीआई पहुंची थीं। रणबीर सिंह ओपीडी में पर्ची बनवाने के दौरान वह अपना पर्स काउंटर पर ही भूल गईं। पर्स में 6,900 रुपये नकद सहित अन्य जरूरी सामान रखा हुआ था। कुछ देर बाद यह पर्स पीजीआई में कार्यरत विकास (डीईओ) को मिला। उन्होंने पर्स में उपलब्ध जानकारी के आधार पर तुरंत महिला से संपर्क किया और उन्हें बुलाकर पूरा पर्स सुरक्षित लौटा दिया। पर्स में रखी नकदी और अन्य सामान पूरी तरह सुरक्षित मिला।




### पालिका बाजार में फ्यूजन 4 स्टूडियो का भव्य उद्घाटन



*रोहतक। रोहतक के जी.एम. कॉम्प्लेक्स, ऑप रोहतक नर्सिंग होम, पालिका बाजार में फ्यूजन 4 स्टूडियो - डांस और जिम्नास्टिक का भव्य उद्घाटन बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सुरेश सैनी (प्रधान, सैनी संस्था) छत्तर सिंह, आजाद (अध्यक्ष, जॉयलाइन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल), योगेश नागपाल, कुसुम और सरला सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर अकादमी के नए सफर के लिए शुभकमनाएं दी। अकादमी मालिकों के परिवार से राज रानी , बेबी और शशि सैनी ने भी अकादमी के शुभारंभ पर अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं प्रदान की। फ्यूजन 4 स्टूडियो का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और वयस्कों को एक ही छत के नीचे पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करना है। यहां जिम्नास्टिक, डांस, योगा, जुम्बा, फिटनेस और वेट लॉस की ट्रेनिंग दी जाएगी।*

### प्रो. संजीव ने एमडीयू कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया को पुस्तक भेंट की



*रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रो. संजीव कादयान ने स्व संपादित पुस्तक स्कॉलरली आउटपुट इन नार्दर्न इंडियाः ट्रेंड्स, इम्पैक्ट एंड इंस्टीट्यूशनल इनसाइट्स, जिसे अमेरिका के प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान डब्ल्यू एच हॉफमैन एलएलसी ने प्रकाशित किया है भेंट की। यह पुस्तक उत्तर भारत के विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों की शोध गतिविधियों, शोध गुणवत्ता और शैक्षणिक प्रभाव का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है।कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया ने कहा कि शोध किसी भी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता का सबसे बड़ा पैमाना है। नई शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गुणवत्तापूर्ण, नवाचार आधारित और समाजोपयोगी शोध को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।*

### डॉ. मंजुनाथ को सौंपी जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदारी



*रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के डेंटल कॉलेज के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. मंजुनाथ बीसी को अब विश्वविद्यालय और पीजीआईएमएस के जनसंपर्क विभाग ओर मेडिकल इलस्ट्रेशन विभाग की कमान सौंपी गई है। कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल ने उन्हें जनसंपर्क विभाग का सीनियर प्रोफेसर इंचार्ज नियुक्त कर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। गौरतलब है कि डॉ. मंजुनाथ बीसी वर्ष 2012 से पीजीआईडीएस में सीनियर प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य और प्रशासन के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता के कारण उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। कुलपति डॉ. अग्रवाल ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और कुशल नेतृत्व से विश्वविद्यालय की छवि और मजबूत होगी। कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल ने कहा कि पीजीआईएमएस प्रदेश का सबसे बड़ा स्वास्थ्य संस्थान है। डॉ मंजूनाथ की नियुक्ति के बाद कुलसचिव डॉ. रूप सिंह, निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एम.जी. वशिष्ठ और अन्य विभागाध्यक्षों ने डॉ. मंजुनाथ को बधाई दी।*

## सरदार वल्लभभाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में प्रैक्टिस के प्रस्ताव पर प्रशासन सतर्क

# दिल्ली कैपिटल्स को क्रिकेट स्टेडियम देने से पहले एमओयू की शर्तों पर एमडीयू करेगा गहन मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सरदार वल्लभभाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम दिल्ली कैपिटल्स के अभ्यास के लिए उपलब्ध कराने का मामला फिलहाल अटक गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में तैयार किए गए एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) की शर्तों पर गंभीर आपत्ति जताई है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी समझौते पर अंतिम निर्णय लेने से पहले उसकी सभी शर्तों का कानूनी, वित्तीय और प्रशासनिक स्तर पर गहन परीक्षण किया जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से अभ्यास सुविधाओं के लिए विश्वविद्यालय के क्रिकेट स्टेडियम के उपयोग का प्रस्ताव काफी समय पहले आया था। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच एमओयू का प्रारूप तैयार किया गया और संबंधित फाइल विभिन्न स्तरों पर विचार के लिए भेजी गई। बताया जाता है कि यह फाइल पिछले पांच से छह महीने से अलग-अलग शाखाओं के बीच घूम रही थी।

### हितों की होगी जांच

ाल ही में विश्वविद्यालय के एक प्रशासनिक अधिकारी की नजर एमओयू की कुछ शर्तों पर पड़ी। प्रारंभिक परीक्षण के दौरान उन्हें इनमें कुछ ऐसे बिंदु दिखाई दिए, जिन पर विस्तार से विचार किया जाना आवश्यक माना गया। इसके बाद संबंधित फाइल को आगे बढ़ाने के बजाय रोक लिया गया, ताकि सभी शर्तों की विस्तार से समीक्षा की जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि किसी भी समझौते से विश्वविद्यालय के हित, उसकी संपत्तियों के उपयोग, वित्तीय दायित्वों, रखरखाव, जवाबदेही और भविष्य में उत्पन्न होने वाली संभावित कानूनी जटिलताओं पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

### खेल सुविधाओं पर नजर

विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि एमडीयू का क्रिकेट स्टेडियम प्रदेश की महत्वपूर्ण खेल परिसंपत्तियों में शामिल है। ऐसे में इसे किसी बाहरी संस्था या पेशेवर टीम को उपलब्ध कराने से पहले सभी नियमों, शर्तों और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना आवश्यक है। दूसरी ओर, खेल जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि यदि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दिल्ली कैपिटल्स जैसी आईपीएल टीम यहां अभ्यास करती है तो इससे विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय क्रिकेट माहौल देखने और सीखने का अवसर मिलेगा।

### स्टेडियम में सुविधाएं पूरी

स्टेडियम में दर्शकों के बैठने के लिए विशेष सीढ़ियों का निर्माण किया गया है, हालांकि सामान्य रूप से बैठने के लिए अलग से कुर्सियों की व्यवस्था नहीं है। वहीं, खिलाड़ियों की सुविधा का पूरा ख्याल रखते हुए स्टेडियम के अंदर टीम के लिए बैठने का बेहतरीन प्रबंध किया गया है। इसके अलावा, खेल के सुचारू संचालन के लिए स्टेडियम परिसर में एक आधुनिक मीटिंग हॉल, कोच और अंपायरों के लिए अलग से विशेष रूम, तथा खिलाड़ियों व दर्शकों के लिए कैंटीन सहित अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के सम्मान में नई अनाज मंडी में समारोह, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर बोले

# रोहतक में भाजपा का न विधायक, न सांसद, फिर भी जनता के काम कर रहे

## कांग्रेस पर प्रहार कई धड़ों में बट चुकी है पार्टी

- कांग्रेस पार्टी मुस्लिम लीग बनकर रह गई : ग्रोवर
- अगले चुनाव में रोहतक में भी खिलेगा कमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के सम्मान में मंगलवार को नई अनाज मंडी में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस अब मुस्लिम लीग बनकर रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के मुद्दों का समाधान करने के बजाय हमेशा समस्याएं पैदा करने का कार्य किया है। हरियाणा में कांग्रेस पूरी तरह गुटबाजी का शिकार है और जनता का विश्वास उससे लगातार खत्म होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोहतक में भारतीय जनता पार्टी का न तो कोई विधायक है और न ही सांसद, इसके बावजूद भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा सक्रिय रहता है। कार्यकर्ता बिना किसी पद या सत्ता के भी पूरी निष्ठा के साथ जनसेवा में जुटे हुए हैं। ग्रोवर ने विश्वास जताया कि आगामी चुनाव में रोहतक की जनता भाजपा को अपना समर्थन देगी और निश्चित रूप से यहां कमल का फूल खिलेगा और विस व लोकसभा में सरकार में भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की मजबूती पर विशेष बल देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने का आह्वान किया।

### डॉ. अर्चना गुप्ता ने ग्रोवर के निवास पर की शिष्टाचार भेंट

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने मंगलवार को डीएलएफ कॉलोनी स्थित पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर ग्रोवर परिवार की ओर से उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। भेंट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता और मनीष कुमार ग्रोवर के बीच संगठनात्मक गतिविधियों, प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों तथा विभिन्न समसामयिक राजनीतिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया। इससे पहले पूर्व मंत्री ग्रोवर की धर्मपत्नी वीना ग्रोवर, उनके बेटे हिमांशु ग्रोवर, उनके बड़े भाई प्रेम ग्रोवर, समाजसेवी पवन आहूजा, दीपक ग्रोवर सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

### लाखनमाजरा ब्लॉक की महिलाओं की भारी भागीदारी संगठन की बढ़ती शक्ति का प्रमाण

## डॉ. अर्चना के स्वागत में उमड़ा जनसमूह : ढुल

**रोहतक।** भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के सम्मान में नई अनाज मंडी में आयोजित स्वागत समारोह में लाखनमाजरा ब्लॉक से भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल के नेतृत्व में सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ कार्यकर्ता समारोह स्थल पर पहुंचे। इस दौरान महिलाओं, युवाओं और आमजन में खासा उत्साह दिखाई दिया। नवीन ढुल ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता का प्रदेश अध्यक्ष बनना हरियाणा की मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।



### डॉ. अर्चना के स्वागत में कलानौर विस से डॉ. अशोक कुमार रंगा के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ता



**रोहतक।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के स्वागत समारोह में कलानौर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में सरपंच, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता पहुंचे। डॉ. अशोक कुमार रंगा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने समारोह में भाग लेकर प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। विभिन्न गांवों से सरपंच प्रतिनिधि, मंडल पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता बसों व निजी वाहनों से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। डॉ. रंगा ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कलानौर क्षेत्र की भागीदारी कार्यकर्ताओं के उत्साह और संगठन की मजबूती का प्रमाण है।

### महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को सिक्कों से तौलकर किया सम्मान



**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को महाराजा अग्रसेन भवन में भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. गुप्ता को महाराजा अग्रसेन के 'एक ईंट-एक रुपया' सिद्धांत के प्रतीक स्वरूप सिक्कों से तौलकर सम्मानित किया गया। उन्हें त्रिशूल, महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भी भेंट किए गए। डॉ. गुप्ता ने कहा कि मिली जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, राजेश जैन सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डबल फाटक अंडरपास में शुरू हुआ सफाई और सुधार कार्य

**आसपास की कॉलोनियों और पीजीआई जाने वालों को मिलेगी राहत**

- दो दिनों से मिट्टी और मलबा हटाने में जुटे निगम कर्मी
- ट्रॉली लगाकर की जा रही निकासी, जलभराव खत्म करने की कवायद
- स्थानीय लोगों ने जल्द स्थायी समाधान और बेहतर आवागमन की जताई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



डबल फाटक अंडरपास में लंबे समय से बनी अव्यवस्था को दूर करने के लिए नगर निगम की ओर से सुधार कार्य शुरू कर दिया गया है। पिछले दो दिनों से नगर निगम के ठेकेदार के कर्मचारी अंडरपास के अंदर सफाई और मरम्मत संबंधी कार्य में जुटे हुए हैं। मंगलवार को कर्मचारियों ने अंडरपास के भीतर जमा मिट्टी और मलबे को हटाने के लिए ट्रॉली लगाकर निकासी का कार्य भी किया। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस कार्य के पूरा होने के बाद यहां आने-जाने वालों को काफी राहत मिलेगी। समाजसेवी जसबीर कुमार, पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ने बताया कि डबल फाटक अंडरपास आसपास की कई कॉलोनियों और गांवों के लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है। प्रतिदिन हजारों लोग इसी रास्ते से अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। पहले अंडरपास में जलभराव और गंदगी के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती थी, जिससे पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए निकलना मुश्किल हो जाता था। इस अंडरपास का उपयोग आजाद नगर, पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अंबेडकर कॉलोनी, प्रीत विहार, एकता कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, शिवाजी कॉलोनी, गीता कॉलोनी, श्रीनगर कॉलोनी तथा कण्हेली गांव के लोग नियमित रूप से करते हैं। इसके अलावा पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जाने वाले लोगों के लिए आसान होगा।

### निगम के कार्य का स्वागत

क्षेत्रवासियों ने नगर निगम द्वारा शुरू किए गए इस कार्य का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि सफाई और सुधार कार्य जल्द पूरा होगा तथा अंडरपास में जलभराव जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाएगा। उनका कहना है कि इससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से भी लोगों को राहत मिलेगी।

# दिनेश उर्फ गोगा हत्याकांड में एक और आरोपी पकड़ा

### दिल्ली बाइपास पर गोली मारकर की गई थी दिनेश उर्फ गोगा की हत्या

- झज्जर निवासी नीरज को पुलिस ने पकड़कर अदालत में किया पेश
- मुख्य साजिशकर्ता साहिल उर्फ सुखा और नितिन पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार
- पुलिस अन्य आरोपियों और वारदात से जुड़े पहलुओं की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

पुलिस ने दिनेश उर्फ गोगा हत्याकांड में शामिल एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नीरज निवासी झज्जर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दिया है और मामले की गहन जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार, 16 फरवरी 2026 को सूचना मिली थी कि नोबल हार्ट अस्पताल के सामने गोलीबारी हुई है, जहां एक युवक सड़क पर मृत अवस्था में पड़ा है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान दिनेश उर्फ गोगा पुत्र हरिपाल, निवासी निजामपुर माजरा, जिला सोनीपत के रूप में हुई। मृतक के भाई की शिकायत पर थाना अर्बन में मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दिनेश 16 फरवरी 2026 की शाम दिल्ली बाईपास पर आया था, जहां अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मारकर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, इस हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता साहिल उर्फ सुखा और नितिन निवासी जसराना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच के दौरान 6 जुलाई 2026 को नीरज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# एमडीयू ने छात्रों के नाम नहीं काटे, 61 हजार वसूला जुर्माना

- जांच समिति ने खड़े किए गंभीर सवाल, तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में नियमों की अनदेखी का उल्लेख
- बिना पंजीकरण विभागीय समिति के माध्यम से जुर्माना राशि रखने की प्रक्रिया भी जांच के घेरे में

**यह है मामला:** लंबे समय से अनुपस्थित छात्रों से जुर्माना लेकर उपस्थिति संबंधी मामले निपटाने के आरोप लगे हैं। बताया गया है कि विभाग स्तर पर विद्यार्थियों से करीब 61 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। छात्रों के विरोध के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने दो वरिष्ठ शिक्षकों और एक बाहरी विशेषज्ञ की तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के एक विभाग में छात्रों से 61000 रुपये जुर्माना उगाहने का मामला प्रशासनिक जांच के केंद्र में है। छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंप दी है। सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट में विभागाध्यक्ष द्वारा नियमों की अनदेखी किए जाने का उल्लेख है। साथ ही विभाग में जुर्माना वसूली की प्रक्रिया, राशि के प्रबंधन और नियमों के अनुपालन को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं।

### रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं

जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि एकत्र की गई 61 हजार रुपये की राशि का उपयोग किस प्रकार किया गया। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से भी अभी कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। ऐसे में इस मामले के कई पहलुओं पर अंतिम स्थिति प्रशासन के निर्णय के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## कोर्ट से भगोड़े घोषित दो आरोपियों पर नया केस

**रोहतक।** शहर थाना पुलिस ने सनी पुत्र राजू निवासी शोरा कोठी के खिलाफ जेर धारा 209 बी एन एस के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी पर केस नंबर 60 वर्ष 2023 आबकारी अधिनियम के तहत शहर थाने में मामला दर्ज है। आरोपी इस मामले में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की अदालत में तारीख पर पेश नहीं हुआ। जिस पर अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। इसी न्यायालय द्वारा पंकज पुत्र देवराज निवासी न्यू चिनयोट कॉलोनी को भी भगोड़ा घोषित किया गया है। आरोपी पर भी केस नंबर 882 वर्ष 2022 में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत शहर थाने में मामला दर्ज है और आरोपी भी तारीख पर कोर्ट में पेश नहीं हुआ। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## रजनेश हत्याकांड का खुलासा एक आरोपी धर दबोचा



**रोहतक।** पुलिस ने उत्तर प्रदेश निवासी रजनेश की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, 3 नवंबर 2025 को यूपी निवासी रामाखिलाड़ी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रामाखिलाड़ी का बेटा रजनेश 28 अक्टूबर 2025 को अपने घर से कंपनी में काम पर जाने के लिए निकला था। इसके बाद 30 अक्टूबर 2025 को परिजनों को सूचना मिली कि रजनेश की मौत हो गई है। मामले की जांच पीएसआई शिव कुमार द्वारा की गई। जांच के दौरान 6 जुलाई 2026 को पुलिस ने आरोपी मुकेश उर्फ मुना पुत्र बसंत, निवासी बिहार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से रिमांड के दौरान पूछताछ की जा रही है और अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** महम की सीआईए पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियार और तीन कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान रोहित निवासी टिटौली के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी का डाटा खंगाल रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## बंद पड़ा निर्माण कार्य, जगह-जगह गड्ढों और कीचड़ से बढ़ी परेशानी

*शिकायतों के बावजूद नगर निगम ने नहीं की सुनवाई*

# सवा महीने पहले 700 मीटर गली तोड़कर छोड़ी, बारिश में मॉडल टाउन के लोग बेहाल

- राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का बना रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

### पैदल चलना भी मुश्किल



मॉडल टाउन क्षेत्र में नगर निगम की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। करीब सवा महीने पहले लगभग 700 मीटर लंबी सीमेंटेड गली को दोबारा निर्माण के नाम पर उखाड़ दिया गया, लेकिन इसके बाद से निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हो पाया। अब बारिश के मौसम में टूटी हुई सड़क और कीचड़ के कारण स्थानीय लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि गली को तोड़ने के साथ ही निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाता तो आज उन्हें इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। स्थानीय निवासी सीसराम, अजयपाल, जयभगवान, मुंशीराम समेत अन्य लोगों के अनुसार गली को उखाड़ने के बाद निर्माण सामग्री भी लंबे समय तक मौके पर नहीं पहुंची। सड़क पूरी तरह टूट जाने से जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश होने पर इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। गली को तोड़ने के दौरान पानी की पाइपलाइन भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते कुछ घरों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई, जबकि कई जगहों पर पाइपलाइन से रिसाव होने के कारण सड़क पर लगातार पानी जमा रहता है। बारिश के पानी और पाइपलाइन के रिसाव के कारण पूरी गली कीचड़ में तब्दील हो चुकी है, जिससे लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कई बार नगर निगम अधिकारियों और संबंधित विभाग के कर्मचारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन समय रहते कोई समाधान नहीं किया गया। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद न तो टूटी पाइपलाइन की मरम्मत की गई।

### बच्चों का स्कूल जाना और बुजुर्गों का बाहर निकलना चुनौती

निवासियों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक खराब हो गई है। घरों के बाहर कीचड़ और पानी जमा रहने से बच्चों का स्कूल जाना, बुजुर्गों का बाहर निकलना और वाहनों का आवागमन तक प्रभावित हो रहा है। कई लोग फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। उनका कहना है कि विकास कार्यों का उद्देश्य लोगों को सुविधा देना होता है, लेकिन अधूरे कार्यों ने उनकी परेशानी कई गुना बढ़ा दी है।

### मामला संज्ञान में नहीं



इस तरह का मामला हमारे संज्ञान में है नहीं लेकिन वहां पर जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। फिल्हाल उसका बेस भी तैयार किया जाएगा। विकास कार्य निरंतर चल रहे है। यहां के लोगों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। मौसम ठीक होने के बाद निर्माण प्रक्रिया शुरू करवा दी जाएगी। -कृष्णा, पार्षद, वार्ड-13

# यूएचएसआर की परीक्षा शुल्क वृद्धि का डीएमए ने किया कड़ा विरोध

- स्वास्थ्य मंत्री और विश्वविद्यालय प्रशासन को भेजा ज्ञापन

**रोहतक।** रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएचएसआर) द्वारा परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि का डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए इंडिया) ने कड़ा विरोध किया है। संगठन ने हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव और विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन भेजकर परीक्षा शुल्क वृद्धि संबंधी अधिसूचना तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। डीएमए इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित व्यास और राष्ट्रीय महासचिव डॉ. शुभ प्रताप सोलंकी द्वारा भेजे गए ज्ञापन में परीक्षा शुल्क वृद्धि को छात्र विरोधी, अन्यायपूर्ण और आर्थिक रूप से बोझ बढ़ाने वाला निर्णय बताया गया है। डॉ. अमित व्यास ने कहा कि सरकारी विश्वविद्यालयों का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, न कि उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना। उन्होंने कहा कि छात्र पहले से ही ट्यूशन फीस, हॉस्टल, पुस्तकें और अन्य शैक्षणिक खर्च वहन कर रहे हैं, ऐसे में परीक्षा शुल्क में भारी वृद्धि उचित नहीं है। डीएमए इंडिया ने मांग की है कि परीक्षा शुल्क वृद्धि की अधिसूचना वापस ली जाए, शुल्क बढ़ाने का वित्तीय और प्रशासनिक आधार सार्वजनिक किया जाए तथा भविष्य में विद्यार्थियों को प्रभावित करने वाले किसी भी शुल्क संशोधन से पहले छात्र प्रतिनिधियों और डीएमए इंडिया से विचार-विमर्श किया जाए।